


# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक: ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, मंगलवार
15 अगस्त 2023

वर्ष 01, अंक 15 – मूल्य 02 रूपए



E-mail: nmh_pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866


**स्वतंत्रता दिवस विशेषांक**

**काम की खबर**

### जिलें में त्यौहारों को दृष्टिगत रख धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

नीमच। जिले में आगामी त्योहारों को दष्टिगत रखते हुए एडीएम नेहा मीना द्वारा दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आगामी पर्व मोहर्रम, बलराम जयती, जनजातीय दिवस, स्वतंत्रता दिवस, पारसी नववर्ष दिवस, नागपंचमी, गोस्वामी, तुलसीदास जंयती, ओणम, रक्षाबन्धन, जन्माष्टामी, गणेश चतुर्थी, नवाखाई, डोलग्यारस, मिलादउननबी व अनंत चतुर्दशी इत्यादि त्यौहारो के मद्देनजर जुलुस व चल समारोह के दोरान धार्मिक स्थलों पर अशोभनीय नारेबाजी करने पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया साईड फेसबुक, ट्वीटर, वाट्सअप आदि पर आपत्तिजनक पोस्ट करने व लाईक तथा शेयर करने पर प्रतिबंध रहेगा।

### ग्राम रोजगार सहायक के बड़े हुए मानदेय अनुसार व्यय करने की अनुमति

**भोपाल।** मंत्रि-परिषद ने ग्राम रोजगार सहायक के भरे पद एवं रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने पर 18 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से मानदेय के लिये आवश्यक अतिरिक्त वार्षिक राशि 274 करोड़ 95 लाख रूपये व्यय करने की अनुमति दी। यह राशि योजना क्रमांक 4610 स्टाम्प शुल्क वसूली या योजना क्रमांक 6299 गौण खनिज मद से व्यय की जायेगी।

**फर्जी नियुक्ति मामला: पंचायत सचिव रोशन नागदा फर्जी नियुक्ती शिकायत ठण्डे बस्ते में**

# शिकायत के आठ माह बाद भी चुप है विभाग, नियुक्ती प्रक्रिया व अनियमितताओं की बिना जांच किया स्थानांतरण, या सेट है मामला...?

**नीमच।** जिले की पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन अपनी नियुक्ति ही जिसने अवैध तरीके से करवाई हो उससे क्या इमानदारी की आस लगाई जा सकती है। ऐसी ही एक शिकायत मनासा जनपद पंचायत के सचिव रोशनलाल नागदा की पिछले आठ माह से जिला पंचायत व कलेक्टर में लंबित है। शिकायत में विभाग के पत्रांक के हवाले से नियुक्ति प्रक्रिया में अर्हताओं को पूर्ण किए बिना ही सांठ-गांठ से अंजाम दिया गया है।

शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2006 में बालागंल पंचायत में पंचायत कर्मी हेतु योग्यता प्रमाण पत्रों, आरक्षण प्रक्रिया का पालन करते हुए नियुक्ति की जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया जाकर जवाबदारों से सांठ-गांठ कर अवैध नियुक्ति सचिव रोशनलाल नागदा कि की गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार अर्हताओं में पंचायत क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य था, लेकिन सचिव पुश्तैनी जमुनीया निवासी बताया जाता है। सचिव ने अपने कार्यकाल में ऐसी कोई पंचायत नहीं छोड़ी जिसमें अनियमितताऐं ना की हो। हाल ही में सचिव ने भाटखेड़ीबुजूर्ग से सांड़ीया स्थानांनतरण करवा लिया है।


गौरतलब है कि दो माह पूर्व ***चौथा समय इनसाइड*** ने सचिव रोशनलाल नागदा द्वारा एक ही बिल पर तीन माह में साढ़े आठ लाख के भुगतान वित्तीय अनियमितता का समाचार प्रकाशित किया था जिस पर मनासा जनपद सीईओ डीएस मशराम ने जांच प्रचलन में बताया। इसके बाद भी सचिव का स्थानांनतरण हो जाना किसको जिम्मेदार बनाता है? सचिव के अनियमितताओं के अम्बार पटे पड़े है। आठ माह से शिकायत और दो माह से समाचार पर संज्ञान ना लेने से विभाग व आला अधिकारियों की साख धुमिल हो रही है। प्रशासन की गरीमा खतरे में है इसका जवाबदेह कौन है, क्या मामला सेट है...?

**क्या कहते है जिम्मेदार...**



ऐसी कोई भी शिकायत या मामला मेरी जानकारी में नहीं है लेकिन आपके माध्यम से पता चला है तो तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारी को आदेशित किया जा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अगर विभागीय अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है तो ऐसे अधिकारीयों पर भी विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**उषा ठाकुर**
**प्रभारी मंत्री, नीमच**



ऐसा है तो तत्काल सीईओ जिला पंचायत व संबंधित विभागीय अधिकारीयों को प्राथमिक्ता के साथ मामले पर संज्ञान लेने के लिए कहा जाऐगा और नियमानुसार जल्द से जल्द कार्रवाई करने के लिए पाबंद किया जाकर मामले को प्राथमिक्ता दी जावेगी।

**सज्जनसिंह,**
**अध्यक्ष, जिला पंचायत, नीमच**



सभी की सभी तरह की शिकायातों पर संज्ञान लिया जाता है, हां शासकीय कार्यों की व्यस्तता के कारण कुछ विलम्ब हो सकता है लेकिन ऐसी शिकायतों व जानकारी को दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस मामले पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाऐगा।

**दिनेश जैन,**
**जिला कलेक्टर, नीमच**

## जिला और जनपद पंचायत अध्यक्षों के मानदेय में वृद्धि

**भोपाल।** मंत्रि-परिषद ने जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर 1 लाख रूपये मासिक (मानदेय 35 हजार रूपये एवं वाहन भत्ता 65 हजार रूपये) और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर 42 हजार रूपये मासिक (मानदेय 28 हजार 500 रूपये एवं वाहन भत्ता 13 हजार 500 रूपये) किया जायेगा। साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष के मानदेय को बढाकर 19 हजार 500 रूपये मासिक एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के मानदेय को बढाकर 13 हजार 500 रूपये मासिक करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त पंच/उप सरपंच का अधिकतम वार्षिक मानदेय 1800 रूपये किया जायेगा। अतिरिक्त वित्तीय भार की व्यवस्था स्टाम्प शुल्क वसूली के अनुदान मद में वार्षिक अतिरिक्त वित्तीय भार लगभग 56 करोड़ 38 लाख 24 हजार 800 रूपये को अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय भी लिया गया।

## कलेट्रेट की दीवारों पर दिखेगी जिले के पुरातत्व और इतिहास की झलक


**नीमच।** कलेक्ट्रेट में प्रवेश करते ही आपको जिले के पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व की झलक दीवारों पर उकेरी हुई नजर आएंगी। यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मन में कार्यालय और जिले के प्रति सकारात्मकता लाने के लिए कलेक्टर दिनेश जैन ने इन्हें बनवाया है। यहां सेंट्रल हॉल की दीवार पर राज्य संरक्षित बरुखेड़ा के चारभुजा मंदिर, अंग्रेजों के जमाने के ऑक्टरलोनी हॉल, खोर के नवतोरण द्वार, प्राचीन तीर्थ सुखानंद के मंदिर और रामपुरा क्षेत्र में आने वाले साइबेरियन पक्षियों की चित्रकारी करवाई गई है। कलेक्टर का कहना है कि सुंदरता के लिए यहां लाइटिंग सहित कुछ अन्य भी किए जाना है। यह उकेरा दीवार पर कलेक्ट्रेट भवन में प्रवेश करते ही सेंट्रल हॉल की दीवार पर चित्रमय झलक।

साइबेरियन पक्षी: जिले में हर साल ठंड के मौसम में हजारों किमी दूर से साइबेरियन पक्षी रामपुरा सहित जिले के कुछ अन्य हिस्सों में आते हैं। बरूखे?ा के मंदिर: बरुखेड़ा में प्राचीन अवशेषों से निर्मित शिव को समर्पित चार मंदिर है, इसमें एक मंदिर में स्थानीय लोगों भगवान विष्णु की चतुर्मुखी मूर्ति स्थापित कर चारभुजानाथ मंदिर नाम दे रखा है। ऑक्टरलोनी हॉल: सीआरपीएफ का वर्तमान ऑफिसर्स मेस जिसे ऑक्टरलोनी हाल के नाम से जाना जाता है। यह ऐतिहासिक बिल्डिंग अंग्रेजों के समय बनाई गई थी। नवतोरण द्वार: जावद तहसील के ग्राम खोर में गुहिल युगीन देवालयों का अदभुत केंद्र है। पूर्व में यहां शिवालय था। इसे नवतोरण द्वार के नाम से जाना जाता है। यह केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित की श्रेणी में रखा गया है। सुखानंद महादेव: जावद तहसील में मप्र-राजस्थान सीमा पर अरावली की सुरम्य पहाड़ी पर प्राचीन तीर्थ सुखानंद महादेव धाम बसा है। यहां सुखदेव मुनि ने तपस्या की थी इसीलिए इस स्थान का नाम उनके नाम पर है।

## एडीएम नेहा मीना को राष्ट्रपति ने किया समानित



**नीमच।** भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण, ग्राम नक्शों के डिजिटलाइजेशन, अभिलेखागार के मॉडर्नाइजेशन व लैंड रिकार्ड्स के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के भूमि प्लैटिनम अवॉर्ड दिया जाता है। देश में 68 जिलों में नीमच जिले को भी यह अवॉर्ड मिला है। मंगलवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नीमच एडीएम नेहा मीना को भूमि सम्मान अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर भू-अभिलेख की प्रभारी अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी भी अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल थी।




Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886














































Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886































































स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।